भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK BHASKAR JAIPUR 11 AUGUST 2026

CB BREAKING आम जनता को जोड़ने के उद्देश्य से एयरपोर्ट अथॉरिटी की पहल, उचित रेट पर मिलेंगे कुजीन

# टर्मिनल-2 के बाहर 24 घंटे फूड स्ट्रीट, वीकेंड पर कल्चरल शो

सुनील शर्मा • जयपुर

शहर में देर रात या सुबह जल्दी परिवार और दोस्तों के साथ सुरक्षित जगह पर खाने-पीने का शौक रखने वालों को अब एक नया ठिकाना मिल गया है। अक्सर रात में 24 घंटे खुलने वाली खाने-पीने की जगहों की कमी जयपुर में महसूस की जाती रही है। लोगों की इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए जयपुर एयरपोर्ट अथॉरिटी ने टर्मिनल-2 के बाहर पार्किंग एरिया में 'एयरो फूड स्ट्रीट' की शुरुआत की है। यह चौबीसों घंटे खुली रहेगी।

इस पहल का मुख्य मकसद आम जनता को एयरपोर्ट से जोड़ना है। आम धारणा है कि एयरपोर्ट केवल हवाई यात्रा करने वालों के लिए है, लेकिन इस नई जगह के जरिए वे लोग भी एयरपोर्ट से जुड़ सकेंगे, जो किसी कारण से हवाई यात्रा नहीं कर पाते। यहां आम शहरवासी, यात्री और यात्रियों का इंतजार करने वाले परिजन भी आ सकते हैं।





**• स्थानीय दुकानों का स्वाद और शहर वाले दाम...** इस जगह की खासियत यह है कि इसमें किसी भी बाहरी या बड़ी कंपनी को जगह देने के बजाय सिर्फ स्थानीय व्यापारियों को दुकानें दी गई हैं। इसमें सम्राट की चाय, कचौड़ी, समोसा और इंटरनेशनल कुजीन शामिल हैं। आमतौर पर एयरपोर्ट पर चीजों के दाम महंगे होते हैं, लेकिन यहां खाने-पीने के दाम शहर (जैसे जेएलएन मार्ग) के सामान्य दामों के बराबर ही रखे गए हैं।

**• वीकेंड पर रहेंगे कल्चरल इवेंट...** लोगों के एंटरटेनमेंट के लिए यहां एक छोटा एम्फीथिएटर भी बनाया गया है। इसमें एक बार में 200 से 300 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। यह पूरा एरिया कवर है, जहां बारिश और धूप में भी बैठ सकते हैं। शनिवार और रविवार को यहां अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पिछले सप्ताह यहां 'बज्म' नामक स्थानीय संस्था के साथ मिलकर कविता पाठ और पुराने फिल्मी गानों की रात का आयोजन किया गया।

## 300 रुपए के बिल पर वाहनों की पार्किंग फ्री

एयरपोर्ट पर आमतौर पर गाड़ी खड़ी करने के लिए पार्किंग चार्ज को लेकर आम जनता के मन में हिचकिचाहट रहती है। इसे दूर करने के लिए विशेष सुविधा दी गई है। अगर कोई व्यक्ति यहां से 300 रुपए का खाने-पीने का सामान खरीदता है, तो उसके लिए गाड़ी खड़ी करने की सुविधा फ्री रखी गई है। यह छूट लगभग दो से ढाई घंटे के लिए होगी। अगर फ्लाइट लेट है, तो अटेंडेंट को अब तक बाहर खड़े रहना पड़ता था या गाड़ी में इंतजार करना पड़ता था। अब फ्री पार्किंग के साथ खाने-पीने की इन सुविधाओं का लुत्फ उठा सकता है।

THE HINDU CHENNAI 12 AUGUST 2026

# Chennai welcomes everyone, helps them adapt with ease, says senior AAI official

Born and raised in Thanjavur, my earliest memories of Chennai were when I visited the city for my summer vacation as a school student, said V. Muruganandam, Regional Executive Director, Southern Region, Airports Authority of India (AAI).


V. Muruganandam, Regional Executive Director, Southern Region, AAI.

**Double-decker bus**

"Playing around the Nandanam Tower Block, frequenting Marina Beach and riding through the city roads by double-decker buses was something I looked forward to every year. I vividly remember the hotel 'Adyar Gate' coming up brick by brick at the junction of Chamiers Road and Mowbrays Road back then," he said.

"I moved to the city for my first job at a private firm in 1988. Subsequently, I joined National Airports Authority (NAA) (which later merged with the International Airports Authority of India and became Airports Authority of India) and worked in various cities of India, like Bengaluru, Bagdogra and Prayagraj (earlier known as Allahabad)," Mr. Muruganandam said.

"A decade later, I returned to Chennai. Having travelled to many cities across the country for work, I have always felt no city is like Chennai. Chennai is a vibrant city with its own charm, welcomes everyone and helps them adapt to its pace with ease. The Ranganathan Street and Pondy Bazaar strolls of the 1980s with friends cannot be forgotten. I'm glad to have helped this resilient city during one of its most difficult times of the 2015 floods. Chennai airport was back in action in a short span for operations after the unprecedented floods," Mr. Muruganandam recalled.

*(As told to Sunitha Sekar)*

CASAGRAND presents Made Of Chennai THE HINDU Co-powered by AU

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE ASIAN AGE DELHI 13 AUGUST 2026

# Waterlogging at Noida airport after rain; BJP, SP trade barbs

## ■ Will boat operate now? Akhilesh ■ BJP hits back



In this screengrab, water flows through a passage at the newly operational Noida International Airport following heavy rainfall in Jewar in Uttar Pradesh. — PTI

**Lucknow, Aug. 12:** Waterlogging at the newly built Noida International Airport following heavy rain has triggered a political spat, with Samajwadi Party chief Akhilesh Yadav taking a dig at the BJP government, while the airport authorities said the "temporary accumulation of water" was cleared within 30 minutes.

Videos circulating on social media purportedly showed water accumulated at a stretch connecting the terminal to the parking area at the airport located in Jewar, Uttar Pradesh, with airport personnel working to drain the water.

Mr Yadav, a former Uttar Pradesh chief minister, shared one such video on X on Wednesday morning and posted, "Will boats now operate at the airport? Wherever there is a BJP government, there is mega corruption!"

The airport authorities, however, said the waterlogging occurred temporarily after a spell of extremely heavy rain on Tuesday and did not disrupt flight or passenger movement.

According to a statement issued by the Uttar Pradesh government on Tuesday night, water accumulated for some time on the road connecting the terminal and parking area following intense rainfall.

"The airport teams immediately swung into action and ensured drainage within 30 minutes, following which movement on the route became completely normal," it said.

The authorities said flight operations and passenger movement at the airport continued smoothly and teams were keeping a close watch on weather conditions.

Amid the political row, Jewar BJP MLA Dhirendra Singh on Wednesday inspected the waterlogged site near the airport and directed officials to review the drainage arrangements, address shortcomings, and ensure a permanent solution. — PTI

# एयरपोर्ट में जलभराव की मांगी रिपोर्ट

**नोएडा** इंटरनेशनल एयरपोर्ट में हुए जलभराव का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस पर राजनीति भी शुरू हो गई है। पूर्व सीएम अखिलेश ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कटाक्ष किए हैं। जिसके बाद अब नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) ने जलभराव के मामले को लेकर यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (यापल) से पूरी रिपोर्ट मांगी है।

मंगलवार को जेवर क्षेत्र में अत्यधिक बारिश हुई थी। बारिश के बाद एयरपोर्ट पर टर्मिनल से टैक्सी स्टैंड व पार्किंग तक जाने वाले अंडरग्राउंड मार्ग पर जलभराव हो गया था। नायल ने एयरपोर्ट का संचालन कर रही कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रा

**मंगलवार की बारिश में टर्मिनल से टैक्सी स्टैंड व पार्किंग जाने वाले अंडरग्राउंड मार्ग पर जलभराव हुआ**

(यापल) से रिपोर्ट मांगी है। हालांकि यापल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि कुछ समय की अत्यधिक वर्षा के कारण संपर्क मार्ग पर जलभराव हो गया था। उन्होंने यह भी दावा किया है कि 30 मिनट से भी कम समय में पानी को निकाल दिया गया था।

**अखिलेश ने लिखा, जहां भाजपा सरकार, वहां महाभ्रष्टाचार** : एयरपोर्ट में जलभराव के वीडियो सामने आने के बाद पूर्व सीएम व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कटाक्ष किया कि अब क्या एयरपोर्ट पर नाव चलेगी। उन्होंने लिखा कि जहां भाजपा सरकार, वहां भ्रष्टाचार। पूर्व सीएम का पोस्ट आने के बाद जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने बुधवार को खुद एयरपोर्ट पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने वीडियो एक्स पर पोस्ट किया और पलटवार किया कि जिन लोगों के शासनकाल में यह एयरपोर्ट वर्षों तक केवल चर्चा और कागजों तक सीमित रहा, आज उन्हें इसी एयरपोर्ट के आसपास बारिश का पानी दिखाकर राजनीति करनी पड़ रही है।

वहीं, नायल के नोडल अधिकारी शैलेन्द्र भाटिया ने कहा कि पार्किंग एरिया में केवल आधा घंटा पानी रुका था। इस दिक्कत को दूर किया जा रहा है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# Corporate Communications Directorate

DAINIK BHASKAR　　　　DELHI　　　　13 AUGUST 2026

## नोएडा... जेवर एयरपोर्ट के टर्मिनल और पार्किंग में भरा पानी



**नोएडा** | कुछ ही महीने पहले आम लोगों के लिए खुला जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की पोल पहली बारिश में ही खुल गई। टर्मिनल और पार्किंग क्षेत्र में पानी भरने का वीडियो सामने आया है। लोग संबंधित विभागों पर सवाल उठा रहे हैं। कई लोग उसे 12,000 करोड़ का स्वीमिंग पूल कह रहे हैं। हालांकि एयरपोर्ट प्रशासन के मुताबिक 30 मिनट के अंदर सारा पानी बाहर निकाल दिया गया।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK BHASKAR DELHI 13 AUGUST 2026

### दिल्ली से हैदराबाद जा रहा यात्री सीआईएसएफ जांच में पकड़ा

# एयरपोर्ट पर यात्री के बैग से बंदर की खोपड़ी मिलने का दावा, जांच शुरू

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच के दौरान एक यात्री के हैंडबैग से कथित तौर पर बंदर की खोपड़ी मिलने का मामला सामने आया है। यात्री दिल्ली से हैदराबाद जाने वाला था। सीआईएसएफ के जवानों ने प्री-बोर्डिंग सिक्योरिटी चेक के दौरान उसके बैग में छिपाकर रखी संदिग्ध वस्तु का पता लगाया। घटना 10 अगस्त की बताई जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ कर्मियों को यात्री के हैंडबैग में एक संदिग्ध वस्तु दिखाई दी। पूछताछ करने पर यात्री ने बताया कि बैग में बंदर की खोपड़ी है। वस्तु के वन्यजीव से जुड़े होने की आशंका को देखते हुए सीआईएसएफ ने यात्री को आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस के हवाले कर दिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया बरामद वस्तु की वास्तविक पहचान और प्रकृति की पुष्टि अभी नहीं हुई है। इसके लिए वन्यजीव विभाग की विशेषज्ञ राय जरूरी है। विभाग की जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि वस्तु वास्तव में बंदर की खोपड़ी है या नहीं।

### वन्यजीव विभाग की रिपोर्ट के बाद तय होगी कार्रवाई

पुलिस के अनुसार, वन्यजीव विभाग यह भी जांच करेगा कि बरामद वस्तु किसी संरक्षित वन्यजीव से संबंधित है या नहीं और उसे रखना अथवा एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाना कानून का उल्लंघन है या नहीं। अधिकारी के मुताबिक, वन्यजीव विभाग की रिपोर्ट के आधार पर यह तय किया जाएगा कि मामले में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम या किसी अन्य संबंधित कानून के प्रावधान लागू होते हैं या नहीं। यदि जांच में कोई कानूनी उल्लंघन सामने आता है तो यात्री के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस बरामद वस्तु की जांच और मामले से जुड़े तथ्यों की पुष्टि में जुटी है। वन्यजीव विभाग की रिपोर्ट मिलने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

DESHBANDHU DELHI 13 AUGUST 2026

# जलभराव पर अखिलेश के ट्वीट से गरमाई सियासत

- जेवर विधायक बोले, विपक्ष को सिर्फ गड्ढे व पानी दिखता है
- एयरपोर्ट पार्किंग स्थल का विधायक ने किया निरीक्षण
- जल निकासी की कमी को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा



**ग्रेटर नोएडा,** 12 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पार्किंग स्थल पर बारिश के बाद हुए जलभराव को लेकर सियासत तेज हो गई है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस के ट्वीट के बाद जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने बुधवार को मौके पर पहुंचकर जलभराव का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने विपक्ष पर विकास कार्यों को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया।

विधायक ने कहा कि बारिश के बाद विपक्ष को एयरपोर्ट परिसर में गड्ढे और पानी तो दिखाई दे रहे हैं, लेकिन इसी क्षेत्र में तैयार हुआ अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट, विश्वस्तरीय सड़कें, औद्योगिक निवेश और रोजगार के अवसर नजर नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ समय के जलभराव को जेवर में हुए बड़े विकास पर पर्दा डालने का माध्यम नहीं बनने दिया जाएगा।

धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि कभी जेवर क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से दूर था, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह क्षेत्र औद्योगिक और आर्थिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। नोएडा अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट ने जेवर को देश-दुनिया के मानचित्र पर नई पहचान दी है।

उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जिनके शासनकाल में एयरपोर्ट की योजना वर्षों तक चर्चा और कागजों तक सीमित रही, उन्हें अब एयरपोर्ट के आसपास बारिश का पानी दिखाकर राजनीति करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि जलभराव अथवा किसी तकनीकी कमी को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को जल निकासी व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक सुधार और स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

विधायक ने कहा कि कमी जहां होगी, उसे दूर कराया जाएगा, लेकिन जेवर के विकास को लेकर राजनीति के जरिए जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश सफल नहीं होगी।

## रनवे-एप्रन सुरक्षित, पार्किंग में बारिश का पानी भरा, तुरंत निकासी



यीडा सीईओ ने कहा, एयरपोर्ट के संचालन वाले हिस्सों में जल निकासी व्यवस्था रही सुचारु

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर में मंगलवार को हुई तेज बारिश के बाद पार्किंग क्षेत्र में जलभराव की समस्या सामने आई। हालांकि यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने स्पष्ट किया है कि एयरपोर्ट के रनवे और एप्रन क्षेत्र में पानी नहीं भरा। इन दोनों महत्वपूर्ण हिस्सों में जल निकासी व्यवस्था सामान्य रही। यीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि अत्यधिक बारिश के कारण पार्किंग क्षेत्र में कुछ समय के लिए हल्का जलभराव हुआ था। संबंधित टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पानी की निकासी कर दी। भारी यातायात के दौरान भी स्थिति पर लगातार नजर रखी गई और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। सीईओ ने कहा कि एयरपोर्ट की आधारभूत संरचना, रनवे और एप्रन पूरी तरह सुरक्षित हैं। बारिश के दौरान जल निकासी और यातायात व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। यीडा प्रशासन के अनुसार, बारिश की स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है। यात्रियों और आमजन की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए जल निकासी समेत अन्य व्यवस्थाओं पर नजर रखी जा रही है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN KANPUR 12 AUGUST 2026

# तेज वर्षा में नोएडा एयरपोर्ट के सब-वे में भरा पानी

**टर्मिनल को पार्किंग क्षेत्र से जोड़ने वाले मार्ग (सब-वे) पर भरा था पानी, दो एस्केलेटर कराया बंद, 30 मिनट में स्थिति सामान्य**

**जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा :** मंगलवार दोपहर हुई तेज वर्षा के चलते करीब छह माह पहले शुरू हुए नोएडा एयरपोर्ट के टर्मिनल को पार्किंग क्षेत्र से जोड़ने वाले मार्ग (सब-वे) पर कुछ समय के लिए पानी जमा हो गया। सब-वे फोरकोर्ट को पार्किंग एरिया से जोड़ता है। यात्री इसी रास्ते से बाहर निकलकर गंतव्य को जाते हैं। जलभराव के चलते यात्रियों को कुछ देर परेशानी का सामना करना पड़ा, जबकि एहतियातन दो एस्केलेटर को बंद कराया गया। एयरपोर्ट प्रशासन के मुताबिक, 30 मिनट में ही जलनिकासी सुनिश्चित होने के साथ आवाजाही सामान्य हो गई। साथ ही एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स व यात्रियों का आवागमन सुचारू रूप से जारी रहा। लोगों ने वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया।

नोएडा एयरपोर्ट के पहले फेज के निर्माण में करीब 11 हजार करोड़ की लागत आई है। अत्यधिक वर्षा के चलते टर्मिनल के सामने बने वेटिंग एरिया में लगी विशेष सफेद फैब्रिक की छत, जो दूर से गंगा की लहरों जैसी दिखती है, से भी वर्षा का पानी टपकता देखा गया। वहीं, एयरपोर्ट संचालक कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने बयान जारी कर कहा कि कम समय में हुई भारी वर्षा के कारण टर्मिनल और पार्किंग को जोड़ने वाले मार्ग पर कुछ देर के लिए पानी आया था। टीम ने 30 मिनट से भी कम समय में पानी हटा दिया। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से धर्मशाला जाने व आने वाली दोनों उड़ानें रद्द कर दी गईं। जयपुर और अमृतसर (इंडिगो) की फ्लाइट्स आधे घंटे तक की देरी से पहुंचीं। वहीं, आकासा एयरलाइंस की मुंबई जाने वाली रात की फ्लाइट ने भी रात 9:05 की जगह 10:00 बजे उड़ान भरी।



नोएडा एयरपोर्ट के अंडरपास में वर्षा के बाद भरा पानी ● सौ. इंटरनेट मीडिया

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN DELHI 13 AUGUST 2026

# हिंडन एयरपोर्ट से कई उड़ानें घटाईं

**ट्रांस हिंडन।** हिंडन एयरपोर्ट से संचालित होने वाली उड़ानों की फ्रीक्वेंसी घटाई गई है। नए कार्यक्रम में कई उड़ानों के दिन घटाए गए हैं। नया कार्यक्रम सितंबर से लागू होगा। इससे यात्रियों को परेशानी होगी।

एयरपोर्ट प्रबंधन को एयरलाइंस कंपनियों ने सितंबर का कार्यक्रम भेजा है। इसके मुताबिक नवी मुंबई की सीधी उड़ान अब सिर्फ चार दिन मिलेगी। वाराणसी और कोलकाता के लिए भी उड़ानों को सप्ताह में चार दिन तक सीमित किया गया है। कोलकाता और वाराणसी की उड़ान को कम किया गया है। इसका कारण कच्चे तेल की कीमतों मे बढ़ोतरी बताया जा रहा है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN DELHI 13 AUGUST 2026

## प्रवेश द्वार से पार्किंग तक भर गया था बारिश का पानी

# एयरपोर्ट में पानी भरने पर नायल ने रिपोर्ट तलब की

नोएडा एयरपोर्ट

**ग्रेटर नोएडा, प्रमुख संवाददाता।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रवेश द्वार से पार्किंग तक बारिश का पानी भरने के मामले में जवाब-तलब शुरू हो गया है। जलभराव के कारणों और इसके समाधान की योजना पर रिपोर्ट मांगी गई है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना न हो।

प्रदेश सरकार ने भी मंगलवार रात एक बयान जारी कर कहा कि भारी बारिश के बाद टर्मिनल और पार्किंग क्षेत्र को जोड़ने वाली सड़क पर कुछ समय के लिए जलभराव हो गया था। बयान में कहा गया कि हवाई अड्डे की टीम तुरंत हरकत में आई और 30 मिनट के भीतर पानी की निकासी सुनिश्चित की, जिसके बाद उस रास्ते पर आवाजाही पूरी तरह सामान्य हो गई। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (यापल) से पूरे मामले में रिपोर्ट मांगी। उन्हें पानी भरने के कारण समेत समाधान की योजना तैयार करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है, ताकि दोबारा पानी न भरे। इस बीच जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने बुधवार को एयरपोर्ट में जहां बारिश का पानी भरा था, उस जगह का निरीक्षण किया।

**अखिलेश यादव ने सरकार पर निशाना साधा :** नोएडा एयरपोर्ट में पानी भरने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने राज्य सरकार पर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने बुधवार को एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा अब क्या हवाई अड्डे पर पर नाव चलेगी? जहां भाजपा सरकार, वहां महा-भ्रष्टाचार।



नोएडा एयरपोर्ट पर मंगलवार को पानी भरने से यात्रियों को परेशानी हुई। • वीडियो ग्रैब

### रनवे और एप्रन पर जलभराव नहीं

नायल के सीईओ आरके सिंह का कहना है कि एयरपोर्ट के रनवे एवं एप्रन पर जलभराव नहीं हुआ। सिर्फ पार्किंग से प्रवेश द्वार वाले रास्ते पर पानी भरा, जिसे कुछ देर बाद ही साफ करा दिया गया। भारी यातायात के दौरान भी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी गई तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। एयरपोर्ट की आधारभूत संरचना, रनवे एवं एप्रन क्षेत्र सुरक्षित हैं।

HINDUSTAN TIMES MUMBAI 12 AUGUST 2026



Rainwater entered the passage connecting the arrivals area and the parking bay. SOURCED

# Jewar airport hit by waterlogging

HT Correspondent
letters@hindustantimes.com

**GREATER NOIDA:** Rainwater entered the passage connecting the newly opened Noida International Airport arrivals area and the parking bay on Tuesday afternoon, officials said.

Visuals of the airport that surfaced on social media showed a pool of ankle-length water in the area, as airport staff used pumps.

The water was cleared within 30 minutes, a Noida International Airport (NIA) spokesperson said.

The waterlogging did not hamper flight operations, airport authorities said. Traffic was rerouted through an alternate route to minimise passenger inconvenience, they said. No infrastructure damage was reported due to the incident.

While officials did not respond to HT's queries on why the water got collected, NIA said that the incident took place following "extremely heavy rainfall over a short time period".

"There was no impact on flight operations or the overall functioning of the airport. We continue to monitor the situation closely and remain prepared to ensure seamless passenger movement," the NIA spokesperson said.



The water was cleared within 30 minutes, officials said. SOURCED

The Noida International Airport, built at a cost of ₹11,200 crore in the first phase, began commercial flight operations on June 15. It was inaugurated by Prime Minister Narendra Modi in March this year.

Officials in the Yamuna Expressway Industrial Development Authority did not respond to HT's queries for a comment on the incident.

{ WILDLIFE DEPT REPORT AWAITED }

# 'Monkey skull' found in checked-in baggage at IGI airport, say officials


**HT Correspondent**
htreporters@hindustantimes.com


**NEW DELHI:** A security screening at Delhi's Indira Gandhi International Airport took an unusual turn on Monday when CISF personnel spotted a human-esque skull concealed inside a passenger's hand baggage, senior officers said.

The passenger later told the personnel that it was a monkey skull, but police are awaiting a report from the wildlife department to ascertain the nature of the object.

The passenger was scheduled to fly from Delhi to Hyderabad when the object was detected during screening. When questioned, he told the CISF personnel that it was the skull of a monkey, the force said.



**The skull found in the bag.** HT

The unusual find prompted the CISF to hand the passenger over to the local police amid suspicion that the object could be linked to wildlife smuggling or involve a violation of laws.

Police said it was too early to determine whether the passenger had committed an offence, as the nature of the object has not yet been established.

Deputy commissioner of police (IGI) Vichitra Veer said the opinion of wildlife authorities would be crucial in deciding whether possession or transportation of the object amounted to a violation of law.

"The opinion of the wildlife department is essential to establish what the object in contention is and whether carrying it amounts to a violation," Veer said on Wednesday.

Police said further action will follow after getting the wildlife department's opinion.

MILLENNIUM POST DELHI 13 AUGUST 2026

# Waterlogging at Noida Airport cleared

**DIPIKA KIROLA**
*Noida, August 12*

Heavy rain on Tuesday caused temporary waterlogging at Noida International Airport, with rainwater accumulating along the passage connecting the terminal with the parking area. Airport teams cleared the affected stretch within around 30 minutes, officials said.

A video showing airport personnel draining the water surfaced on social media and was later shared by Samajwadi Party MP and former Uttar Pradesh chief minister Akhilesh Yadav. "Will boats now run at the airport?" he said in a post on X.

The airport said the water entered the terminal-parking passage following exceptionally heavy rainfall. Traffic was temporarily diverted, while passengers were picked up from the kerb. Flight operations continued normally, with no flights disrupted.

The Uttar Pradesh government said teams responded promptly and restored movement within 30 minutes.

Airport authorities said they were monitoring weather conditions and had arrangements in place to deal with rain-related situations.

Noida International Airport, also known as Jewar Airport, was inaugurated on March 28 and began commercial operations on June 15.

Developed under a public-private partnership with the Uttar Pradesh government, the greenfield airport is expected to begin international operations by the end of this year. Construction of the international terminal is expected to be completed by September-October.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

PUNJAB KESARI DELHI 13 AUGUST 2026

# नोएडा हवाई अड्डा पानी पानी

## सोशल मीडिया पर तस्वीरें वायरल, प्रबंधकों ने कहा 30 मिनट में निकाला पानी



**लखनऊ/नोएडा,** (पंजाब केसरी): उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के जेवर क्षेत्र में स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के परिसर में मंगलवार को बारिश के दौरान जलभराव का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद राज्य में राजनीतिक विवाद शुरू हो गया। समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने इस मुद्दे को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। हालांकि, हवाई अड्डा प्रबंधन ने कहा कि परिसर से 30 मिनट के भीतर पानी निकाल दिया गया और इससे विमानों के परिचालन में कोई व्यवधान नहीं आया। सोशल मीडिया पर मंगलवार को प्रसारित वीडियो में हवाई अड्डे के टर्मिनल से निकलकर पार्किंग और टैक्सी स्टैंड की ओर जाने वाले भूमिगत मार्ग में जलभराव दिखाई दे रहा है। वीडियो में हवाई अड्डे के कर्मचारी पानी निकालने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं। खराब मौसम के कारण मंगलवार को धर्मशाला जाने वाली एक उड़ान भी रद्द कर दी गई थी। हवाई अड्डे के जनसंपर्क विभाग ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा, 'बारिश के बाद टर्मिनल और पार्किंग क्षेत्र को जोड़ने वाले मार्ग पर पानी भर गया था, लेकिन हमारी टीम ने 30 मिनट के भीतर स्थिति सामान्य कर दी।

### अखिलेश यादव का प्रहार



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को 'एक्स' पर वीडियो साझा करते हुए लिखा, 'अब क्या हवाई अड्डे पर नाव चलेगी? जहां भाजपा सरकार, वहां महा-भ्रष्टाचार!' उन्होंने राज्य सरकार पर जोरदार प्रहार करते हुए कहा कि अब कहां गया नोएडा को हाईटेक एयरपोर्ट बनाने का दावा?

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

RAJASTHAN PATRIKA JAIPUR 12 AUGUST 2026

जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट : 'ऑपरेशनल कारण' बता की जा रही खानापूर्ति , यात्री हो रहे परेशान

# उड़ानों में बढ़ रही 'तकनीकी टेंशन', रनवे से पहले थम रहे पहिए

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** हवाई यात्रा अब सिर्फ मौसम या भीड़ की वजह से नहीं, एयरलाइंस की तकनीकी खामियों से भी प्रभावित होने लगी है। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ऐसे मामले आए दिन सामने आ रहे हैं। कई बार यात्रियों को विमान में बैठाने के बाद तकनीकी खराबी मिलने पर वापस उतारकर अराइवल हॉल भेजना पड़ता है। इससे उड़ानों में घंटों की देरी होती है और कई यात्रियों की कनेक्टिंग फ्लाइट तक छूट जाती है। विमान ग्राउंड होने पर दूसरे एयरक्राफ्ट की व्यवस्था में भी समय लगता है, जिससे यात्रियों की परेशानी बढ़ जाती है। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से रोजाना 15 से 20 हजार यात्रियों की आवाजाही होती है। हैरानी की बात यह है कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की सख्ती के दावों के बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा। जयपुर से फिलहाल रोजाना 55 से अधिक उड़ानों का संचालन हो रहा है।

**स्टाफ की कमी भी वजह :** पूछताछ में सामने आया कि कई एयरलाइन कंपनियां रखरखाव में अपेक्षित सतर्कता नहीं बरत रहीं। खर्च कम करने की कोशिशों का असर मेंटेनेंस पर भी पड़ रहा है।

## परिचालन व्यवस्था पर सवाल



अधिकांश एयरलाइंस यात्रियों को उड़ान में देरी का कारण केवल 'ऑपरेशनल कारण' बताती हैं। तकनीकी खराबी की स्पष्ट जानकारी बहुत कम मामलों में साझा की जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार तकनीकी खामी मिलने पर विमान को उड़ान की अनुमति नहीं देना सुरक्षा की दृष्टि से जरूरी है, लेकिन ऐसी घटनाओं का लगातार बढ़ना फ्लीट मेंटेनेंस, स्पेयर पार्ट्स की उपलब्धता और परिचालन व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है।

## गत दिनों सामने आए प्रमुख मामले

- **22 अप्रेल:** नवी मुंबई जाने वाली फ्लाइट तकनीकी खराबी के कारण ग्राउंड, यात्री अगले दिन रवाना।
- **26 अप्रेल:** बैंगलूरु से पहुंचा एयर इंडिया का विमान पुणे नहीं जा सका, दूसरे विमान से भेजे गए यात्री।
- **19 मई:** अलायंस एयर की दिल्ली जाने वाली फ्लाइट में ऐन वक्त पर तकनीकी खराबी।
- **27 जून:** इंडिगो की फ्लाइट रवाना होने से पहले खराबी, यात्रियों को विमान से उतारा गया।
- **18 जुलाई:** इंदौर जा रही इंडिगो फ्लाइट तकनीकी खराबी के कारण बीच रास्ते से जयपुर लौटी।
- **5 अगस्त:** चंडीगढ़-अहमदाबाद जाने वाली इंडिगो फ्लाइट तकनीकी खराबी के कारण प्रभावित।

## कनेक्टिंग फ्लाइट वालों पर दोहरी मार

तकनीकी खराबी से ज्यादा परेशानी कनेक्टिंग फ्लाइट वाले यात्रियों को उठानी पड़ रही है। उड़ान रद्द होने या घंटों देरी पर उन्हें महंगी दरों पर नई टिकट लेनी पड़ती है। कई बार रिफंड और वैकल्पिक विमान की व्यवस्था में भी लंबा समय लगता है।

THE TIMES OF INDIA AHMEDABAD 12 AUGUST 2026

# Flight delays hit SVPI airport

Six flights were delayed or cancelled at Sardar Vallabhbhai Patel International Airport on Tuesday due to operational and aircraft rotation issues. Departures to Chennai, Ranchi and Chandigarh were delayed by 35-45 minutes, while Mumbai had one departure and one arrival cancelled. Arrivals from Dubai and Abu Dhabi were also delayed by over an hour. Ahmedabad received light to moderate rain early in the morning, but airport operations remained unaffected during that period, officials said. TNN

THE TIMES OF INDIA DELHI 13 AUGUST 2026

# Passenger held after monkey skull found in hand baggage at airport

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** A passenger travelling from Delhi to Hyderabad was held at Indira Gandhi International Airport (IGI) after CISF personnel found a monkey skull concealed inside his hand baggage during pre-embarkation security screening Monday. The skull has been seized.

A CISF official stated that considering the nature of the item and its suspected connection with wildlife, the passenger was handed over to the local police for further legal action under the provisions of Wildlife (Protection) Act, 1972.

Officials said the matter was being investigated to ascertain if the skull was for ritualistic purposes or for trafficking animal artefacts. "The opinion of the wildlife department is essential in all such matters to establish what the object in question is and whether carrying it amounts to a violation of any law. Legal action, if made out, is then taken accordingly."



WILD HAUL

Authorities at the Delhi airport have prevented smuggling of animals or their parts in the past. A man carrying the head of a deer in his hand luggage was held in July last year. The wildlife trophy was seized and handed over to the Delhi forest and wildlife department.

In Feb last year, three men were arrested at IGI Airport after they arrived from Bangkok for allegedly attempting to smuggle over 60 live species of creatures in checked baggage.

Similarly, a Canadian national was apprehended at the airport in Jan last year after he was found carrying the severed head of a baby crocodile. During inspection, the man claimed that he had purchased the item while he was in Bangkok.

In 2022, two African grey parrots, which were brought from Africa to the Delhi airport by a Congo national, were seized. These birds, which were critically endangered, were handed over to the Delhi zoo.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE TIMES OF INDIA DELHI 13 AUGUST 2026

# Day After Loss Of Face, Noida Airport To Widen Drain Shaft

## To Alter Landscape Design To Prevent Repeat Of Flooding

**Shafaque.Alam**
@timesofindia.com

**Noida:** A day after Noida International Airport's walkway was flooded due to rainfall, embarrassing a project that prides itself on Swiss perfection, two travelators and a lift inside the underground passage connecting the taxi stand with the terminal malfunctioned because of seepage.

The walkway has not been officially closed, but remained largely deserted on Wednesday as restoration work was underway. A visit to the airport showed that the area which had been waterlogged a day earlier had dried.

An engineer supervising the restoration work said the airport was new and such issues were being addressed as they emerged. "All airports face teething problems, which are fixed as they are identified. We found that heavy rainfall caused stormwater to reach the walkway. We have decided to redesign the landscaping and increase the height of the kerbs so that rainwater does not reach the walkway. Since the lawns are green and not concrete, they will absorb some of the rainwater," he said. Jewar MLA Dhirendra Singh said the authorities are also considering widening the drainage shaft.

Yogesh Kumar



Work under way to ensure rainwater does not reach the walkway

An airport staff member said heavy rain began around 1 pm on Tuesday, following which stormwater from the lawn surface flowed down the sloping section into the underground passage. "The staff used motor pumps to remove the water," he said.

The drainage shaft — roughly one foot wide and about 30 feet long — was designed to collect and carry away surface runoff. However, during the intense spell of rain, it was unable to handle and discharge the volume of water entering the passage. The design had foreseen this possibility, but not adequately. Staff were working to restore the travelators and lift, with repairs expected to take another one to two days.

Following the waterlogging, taxi services that were earlier located across the road have been shifted to the kerbside area of the terminal. Passengers exiting the terminal can now access premium taxis and app-based cabs from the kerbside instead of using the underground walkway.

Rajesh Kumar, a resident of Jammu who arrived in Noida on Wednesday, said the flight and airport services were good and there was no waterlogging during his visit.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE ASIAN AGE DELHI 13 AUGUST 2026

# Delhi-Pune SpiceJet flight cancelled after AC failure

**New Delhi/Pune, Aug. 12:** Passengers on a Delhi-Pune SpiceJet flight faced a difficult time at the Delhi airport on Tuesday night due to an air conditioning issue, and another aircraft was arranged to operate the flight. Videos on social media showed many passengers standing inside the aircraft and fanning themselves, apparently due to heat.

A SpiceJet spokesperson said in a statement on Wednesday that the flight SG-105 encountered a "last-minute technical issue" and an alternative aircraft was arranged.

"The air conditioning remained operational throughout. Due to prevailing weather conditions in Delhi, some passengers may have experienced discomfort," the spokesperson said while deeply regretting the inconvenience.

A passenger, however, claimed that the AC system had failed, and they had to sit inside the stationary aircraft for about half an hour before disembarking.

Details about the number of passengers onboard the aircraft could not be ascertained, but Leshpal Javalge, who was travelling on the same flight, said there were over 100 passengers and they faced serious inconvenience. *— PTI*

■ More on Page 2

THE ASIAN AGE DELHI 13 AUGUST 2026

# High drama on SpiceJet flight after AC snag

**New Delhi/Pune, Aug. 12:** Passengers on a Delhi-Pune SpiceJet flight faced difficulties at Delhi Airport on Tuesday night due to a technical issue, and another aircraft was arranged to operate the flight. Videos on social media showed many passengers standing inside the aircraft and fanning themselves, apparently due to heat.

A SpiceJet spokesperson said in a statement on Wednesday that flight SG-105 encountered a "last-minute technical issue" and an alternative aircraft was arranged.

"The air conditioning remained operational throughout. Due to prevailing weather conditions in Delhi, some passengers may have experienced discomfort," the spokesperson said, while deeply regretting the inconvenience.

- **THE FLIGHT** SG-105 encountered a last-minute technical issue and an alternative aircraft was arranged, said a SpiceJet spokesperson
- **CABIN CREW** members scolded passengers, a passenger said

A passenger, however, claimed that the AC system had failed and passengers had to sit inside the stationary aircraft for about half an hour before disembarking.

Details about the number of passengers on board the aircraft could not be ascertained, but Leshpal Javalge, who was travelling on the same flight, said there were over 100 passengers and that they faced serious inconvenience.

"They kept us seated inside, and for half an hour the AC was off. When the flight was ready on the runway, we told them the situation had become very bad. Our clothes were drenched (in sweat), small children had started crying loudly, people with heart problems said they were feeling uneasy," he said.

"There were pregnant women on board and they had a very bad time," he said.

Cabin crew members scolded passengers, asking them not to get up or misbehave, instead of explaining the situation, Mr Javalge alleged.

Even the crew members were drenched in sweat, and when they tried to start the AC, hot air started blowing from the vents, he said.

After the passengers disembarked, there was nobody from the airline to explain what had happened, and angry passengers started protesting, demanding an alternative flight, he claimed.

When an airline official arrived, passengers told him that they would not board the same aircraft as they were concerned about their safety, he said.

The airline then called CISF personnel to the spot, Mr Javalge said.

The airline's technical team initially said the issue would be resolved within 20 minutes, but after an hour it said the problem could not be fixed. Finally, the passengers were accommodated on another flight departing at 5 am on Wednesday, according to him.

The original flight was scheduled to depart for Pune at 9.55 pm on Tuesday, he said. — *PTI*

THE ASIAN AGE DELHI 13 AUGUST 2026

■ Marijuana detected in captain's blood ■ '2nd pilot took control'

# Air India pilot cited sleep issues before Phuket-Delhi turbulence

AGE CORRESPONDENT
NEW DELHI, AUG. 12

The Captain of the Air India A-320 Phuket-Delhi flight that went through turbulence last week is reported to have said that he had sleep issues and he had been prescribed medication by his family doctor. The Captain has been accused of consuming marijuana which is learnt to have been detected in his blood stream during tests.

The ministry of civil aviation (MoCA) in a statement said on Sunday that as part of the standard operating procedures following such an occurrence, both flight pilots underwent the prescribed psychoactive substance screening test. The screening test in respect of the pilot-in-command (PIC) indicated a result requiring confirmatory testing. As per reports the second pilot had to take control and steer the plane safely after a sudden altitude loss of 300 ft.

**THE MINISTRY of civil aviation in said that as part of the standard operating procedures following such an occurrence, both flight pilots underwent the prescribed psychoactive substance screening test**

"I disclose, for completeness, that I had separately been experiencing sleep difficulty over a preceding period, related to personal circumstances, for which I had been prescribed medication by my family doctor. During the layover, I personally attempted rest; sleep did not come easily, and I judged that light activity such as walking would be constructive for sleep quality," the pilot said in a flight safety statement as reported by news channel. He also reportedly raised issues regarding roster duties.

**THE SCREENING test in respect of pilot-in-command indicated a result requiring confirmatory testing. As per reports, the second pilot had steer the plane safely after sudden altitude loss of 300 ft**

A cabin crew member is learnt to have filed a complaint with Air India with regard to the pilot's conduct saying he appeared disoriented. However, there were no answers on how this pilot was cleared in pre-flight tests. Also its not clear if the pilot had declared his medical during pre flight check ups. The Aircraft Accident Investigation Bureau (AAIB) that is conducting the investigation has refused to say anything on this issue till the final outcome of the inquiry.

Aviation analyst Sanjay Lazar wrote on X that the pilot was duty bound to inform about his medications. He, however, said that a "preliminary report" allegedly submitted by Air India to the directorate general of civil aviation, as reported by a section of media, said of a "suspected transient technical fault " adding this aspect is worth exploring.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 13 AUGUST 2026

**हवा में संकट : तकनीकी खामियों और लापरवाही के और मामले सामने आए**

# इंडिगो के विमान का इंजन फेल चेन्नई में लैंडिंग, 224 यात्री थे

## उतरने से एक मिनट पहले पता चली खराबी, तुरंत भेजा अलर्ट

**चेन्नई।** कोलकाता से चेन्नई आ रहे इंडिगो के विमान का एक इंजन फेल हो गया, जिसके बाद मंगलवार देर रात उड़ान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इस घटना में विमान में सवार 224 यात्री और चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं। बताया गया कि विमान उतरने से ठीक पहले उसके बाएं इंजन ने काम करना बंद कर दिया, जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया।

एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के अधिकारियों के मुताबिक, इंडिगो की कोलकाता-चेन्नई उड़ान 6ई-723 ने 11 अगस्त की रात 11:29 बजे फुल इमरजेंसी घोषित की। इस विमान को रात 11:30 बजे चेन्नई में उतरना था। लैंडिंग की तैयारी के दौरान 11:29 बजे पायलट को पता चला कि बायां इंजन काम नहीं कर रहा है। इसके बाद तत्काल एयर ट्रैफिक कंट्रोल को अलर्ट भेजा गया। हालात की गंभीरता को देखते हुए एयरपोर्ट अथॉरिटी ने फुल इमरजेंसी लागू कर दी। हवाईअड्डे पर आपात इंतजाम किए जाने के बाद रात 11:37 बजे पायलट ने सूझबूझ से रनवे-25 पर विमान को सुरक्षित उतार लिया। हवाईअड्डा अधिकारियों ने बताया कि विमान के इंजन में आई खराबी के कारणों की जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। एजेंसी

## स्पाइसजेट में एसी हुआ खराब, हंगामा


विमान में परेशान यात्री।

**नई दिल्ली।** एक अन्य मामले में दिल्ली से पुणे जाने वाली स्पाइसजेट की उड़ान में मंगलवार रात एसी खराब होने से यात्री घंटों एयरपोर्ट पर फंसे रहे। बुधवार सुबह उन्हें दूसरी उड़ान से भेजा गया। इससे पहले, दिल्ली एयरपोर्ट पर उड़ान एसजी 105 में रात 10:30 बजे यात्री सवार हुए, तो एसी नहीं चल रहा था। थोड़ी देर में विमान गैस चेंबर बन गया और यात्री हंगामा करने लगे। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। ब्यूरो

## एअर इंडिया : फर्श पर पड़ा था फुकेट-दिल्ली उड़ान का पायलट

**नई दिल्ली।** चार अगस्त को फुकेट से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की उड़ान के दौरान जब विमान अचानक 300 फीट नीचे आया, तब मुख्य पायलट कॉकपिट की फर्श पर पड़ा हुआ था। यह साफ नहीं कि ऐसा अचानक ऊंचाई घटने के झटके से हुआ या नशे के कारण। लैंडिंग के बाद भी मुख्य पायलट ठीक से खड़े नहीं हो पा रहे थे।

### टर्बुलेंस : 20 सवाल खोलेंगे राज

टर्बुलेंस मामले की जांच कर रही एयर क्रॉफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो को 20 से अधिक सवालों के जवाब तलाशने हैं। उड़ान से पूर्व विमान की उड़ान-योग्यता और सुरक्षा से जुड़ी जांचें होती हैं। जांच टीम अब यह पता कर रही है कि एआई 2379 की उड़ान से पूर्व नियम-प्रक्रियाओं से जुड़े 20 से ज्यादा बिंदुओं का पालन हुआ था या नहीं।

### आरोप : कंपनी ने गड़बड़ियां छिपाईं

एअर इंडिया पर आरोप लग रहे हैं कि उसने फुकेट-दिल्ली उड़ान में गड़बड़ियों को छिपाने की कोशिश की। मीडिया में लीक हुई रिपोर्ट के अनुसार कंपनी ने गड़बड़ियों का दोष टर्बुलेंस पर मढ़ना चाहा, जबकि उसकी आंतरिक रिपोर्ट में साफ था कि परेशानी एयरबस के विमान में ही थी। दिल्ली में फ्लाइट की जब जांच हुई तो सामने आया कि इसमें कई गड़बड़ियां थीं। ब्यूरो

Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 13 AUGUST 2026

# इंडिगो के विमान का इंजन फेल, चेन्नई में आपात लैंडिंग

## कोलकाता से उड़े विमान में सवार 224 यात्रियों की सांसें अटकीं

**चेन्नई।** कोलकाता से चेन्नई आ रही इंडिगो की उड़ान का एक इंजन फेल हो गया, जिसके बाद विमान की इमर्जेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान में सभी 224 यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। बताया गया कि विमान उतरने से ठीक पहले उसके बाएं इंजन ने काम करना बंद कर दिया, जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया।




एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के अधिकारियों के मुताबिक, इंडिगो की कोलकाता-चेन्नई उड़ान 6ई-723 ने 11 अगस्त की रात 11:29 बजे फुल इमर्जेंसी घोषित की। इस विमान को रात 11:30 बजे चेन्नई में उतरना था। लैंडिंग की तैयारी के दौरान 11:29 बजे पायलट को पता चला कि विमान का बायां इंजन काम नहीं कर रहा है। इसके बाद तत्काल एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इसकी सूचना दी गई। हालात की गंभीरता को देखते हुए एयरपोर्ट अथॉरिटी ने फुल इमरजेंसी लागू कर दी। विमान की सुरक्षित लैंडिंग के लिए जरूरी आपात इंतजाम किए गए। इसके बाद रात 11:37 बजे रनवे 25 पर विमान सुरक्षित उतरा।

## स्पाइसजेट की उड़ान का एसी खराब, यात्री परेशान

**नई दिल्ली।** दिल्ली से पुणे जाने वाली स्पाइसजेट की उड़ान में मंगलवार रात एसी खराब होने से यात्री घंटों एयरपोर्ट पर फंसे रहे। बुधवार सुबह उन्हें दूसरी उड़ान से पुणे भेजा गया। यात्रियों के मुताबिक, विमान में एसी और वेंटिलेशन ठीक से काम नहीं कर रहा था। दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 से 9:45 बजे रवाना होने वाली उड़ान एसजी 105 को पहले रात 10:30 बजे तक टाला गया। इसके बाद यात्री विमान में सवार हुए, तो एसी नहीं चलने से केबिन में गर्मी बढ़ने लगी। यात्रियों ने इसका विरोध किया और एसी चालू करने को कहा। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो क्लिप में कई यात्रियों को विमान में खड़े होकर खुद को हवा करते हुए देखा गया।

## एअर इंडिया टर्बुलेंस मामला 20 सवालों से खुलेगा राज

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया की फुकेट-दिल्ली उड़ान में पिछले हफ्ते हवा में लगे तेज झटकों (टर्बुलेंस) के मामले की जांच एयर क्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) कर रही है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सूत्रों ने बताया, जांच ब्यूरो को इस मामले की तह तक पहुंचने के लिए 20 से अधिक सवालों के जवाब तलाशने हैं। घटना के दौरान विमान 300 सेकंड तक हवा में तेज झटकों से जूझता रहा। विमान के यात्रियों से भी पूछताछ की जा सकती है। इस विमान के मुख्य पायलट का डोप टेस्ट पॉजिटिव आया है। विमानन विशेषज्ञ रतन अंभोरे कहते हैं कि ऐसी घटना के पीछे 95 फीसदी मानवीय चूक और तकनीकी खराबी पांच फीसदी वजहों में शामिल रहती है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS LINE DELHI 13 AUGUST 2026

# AI Phuket-Delhi flight maintenance report flags hydraulic, control faults

**NEW FINDINGS.** Report doesn't establish whether the warnings were linked to sudden loss of AI2379's altitude

**Rohit Vaid**
New Delhi

A post-flight maintenance report of Air India Phuket-Delhi flight AI2379 on August 4, 2026, which suffered a sudden altitude loss, has flagged multiple warnings involving faults in the aircraft's hydraulic and flight-control systems.

The maintenance report reviewed by *businessline* showed that the Airbus A320neo, registered VT-EXO, recorded repeated warnings of low pressure in its hydraulic systems. It also recorded low-level indications for the Yellow and Blue hydraulic reservoirs.

Around the same time, the aircraft recorded a fault involving the left and right elevators.

The report also recorded "AUTO FLT AP OFF", indicating that the autopilot was off.

However, the maintenance report does not establish whether these warnings were linked to the sudden loss of altitude. It also does not indicate whether the hydraulic warnings were caused by an actual loss of pressure or fluid.



**PROBE CONTINUES.** According to sources, the pilot-in-command told investigators he had not slept adequately PTI

### CREW SUMMONED

The development comes even as India's Aircraft Accident Investigation Bureau (AAIB) summoned the pilots and crew of the Air India flight for questioning as part of its investigation into the incident, sources told *businessline*.

According to sources, the pilot-in-command told investigators that he had not slept adequately and had informed the first officer that he would take some rest under controlled-rest provisions.

The pilot allegedly told investigators that he slept for around 30-35 minutes during the flight before waking up. As per the pilot's own alleged description of the occurrences, after waking up, he went to the washroom and returned to the cockpit. He was standing behind the first officer's seat and stretching his hands while speaking to the first officer about the air-conditioning system when the reported multiple hydraulic failure occurred.

### PILOTS' PERSPECTIVE

Besides, sources said the pilot fell to the cockpit floor following the incident. A stall warning then sounded while the first officer continued to control the aircraft. Other crews members subsequently came to the cockpit to help the pilot.

The pilot also allegedly told investigators that he had been experiencing sleep difficulties over a period of time due to personal circumstances and had been prescribed medication by his family doctor. He reportedly said he had tried to rest during the layover but sleep did not come easily.

*businessline* could not independently confirm the authenticity of what the sources quoted the pilot as telling investigators.

The account could not be independently verified and would have to be corroborated with the flight-data recorder, cockpit voice recorder and aircraft maintenance records. Wednesday's developments come a day after sources indicated that the pilot had failed the secondary drug test. However, this development was not officially confirmed by the government.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS STANDARD DELHI 13 AUGUST 2026

# एयर इंडिया का घाटा भारी पड़ा

दीपक पटेल
नई दिल्ली, 12 अगस्त




**जनवरी 2022 में टाटा ने जब एयर इंडिया की कमान संभाली, तो उन्हें ऐसी एयरलाइन मिली जिसके पास पुराने विमान, जमीन पर खड़े विमान, पुरानी टेक्नॉलजी और वर्षों से चली आ रही संगठन की समस्याएं थीं**

जनवरी 2022 में जब से टाटा समूह ने मुश्किलों में फंसी एयर इंडिया की कमान संभाली, उसके बाद से एयरलाइन को कुल मिलाकर लगभग 47,821 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इससे टाटा संस के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन के कार्यकाल की सबसे महत्त्वाकांक्षी कॉरपोरेट पुनरुद्धार योजनाओं में से एक मानी जाने वाली यह प्रमुख परियोजना अधूरी ही है।

बुधवार को चंद्रशेखरन ने कहा कि फरवरी 2027 में अपना मौजूदा कार्यकाल खत्म होने पर वे टाटा संस के चेयरमैन के तौर पर अगला कार्यकाल नहीं लेंगे। यह फैसला उनकी दोबारा नियुक्ति को लेकर महीनों तक बनी अनिश्चितता के बाद आया है। यह अनिश्चितता एयर इंडिया समेत समूह की कुछ कंपनियों के कामकाज को लेकर टाटा ट्रस्ट्स की चिंताओं की वजह से पैदा हुई थी।

जनवरी 2022 में टाटा ने जब एयर इंडिया की कमान संभाली, तो उन्हें ऐसी एयरलाइन मिली जिसके पास पुराने विमान, जमीन पर खड़े विमान, पुरानी टेक्नॉलजी और वर्षों से चली आ रही संगठन की समस्याएं थीं। इसका समाधान था तेजी से बदलाव करना, जिसमें सैकड़ों विमानों का ऑर्डर देना भी शामिल था। सितंबर 2022 यानी अधिग्रहण के आठ महीने बाद एयर इंडिया ने विहान डॉट एआई नाम का पांच साल का बदलाव से जुड़ा प्लान पेश किया। इसका मकसद अपने अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क को बढ़ाना और एयरलाइन को लगातार वृद्धि, मुनाफे और बाजार में ऊंचाई की राह पर ले जाना था। जाहिर है, मुनाफे की राह 2027 के बाद की सोची गई थी।

लेकिन चार साल बाद, समय-सीमा काफी बढ़ गई है। पिछले महीने, चंद्रशेखरन ने कहा कि एयर इंडिया को पटरी पर लाने में पांच से दस साल लग सकते हैं। उन्होंने माना कि आपूर्ति श्रृंखला में रुकावटों, पुराने सिस्टम और प्रोसेस, बेड़े को नया करने, संगठन में बदलाव और तकनीकी प्रतिभा तैयार करने की जरूरत की वजह से बदलाव की प्रक्रिया में देरी हुई है। अब 2032 के बाद मुनाफे की उम्मीद की जा रही है।

इसके अलावा और भी कई दिक्कतें आईं, खासकर दुनिया भर में विमान आपूर्ति श्रृंखला का संकट। इंजन और पुर्जों की कमी और बोइंग व एयरबस में देरी की वजह से नए विमान उतनी तेजी से नहीं आ पाए जितनी योजना बनाई गई थी। साथ ही, आपूर्ति श्रृंखला संकट ने एयर इंडिया के पुराने विमानों को अपग्रेड करने की योजनाओं पर भी असर डाला।

इसके अलावा, कामकाज से जुड़ी चुनौतियां भी बार-बार सामने आती रही हैं, जो मालिकाना हक बदलने के बाद भी जारी रहीं। अप्रैल 2023 में डीजीसीए ने एयरलाइन के सीईओ कैंपबेल विल्सन और फ्लाइट सेफ्टी हेड को कारण बताओ नोटिस जारी किया। यह नोटिस फरवरी में कॉकपिट में अनधिकृत व्यक्ति के प्रवेश की घटना से जुड़ा था, जिसमें एक पायलट ने अपने दोस्त को कॉकपिट में आने दिया था। इसके बाद डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया और पायलट का लाइसेंस तीन महीने के लिए सस्पेंड कर दिया।

जनवरी 2024 में, डीजीसीए ने लंबी दूरी और पहाड़ी रास्तों पर सुरक्षा नियमों के उल्लंघन की वजह से 1.10 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया।

12 जून, 2025 को एआई-171 विमान हादसा हुआ, जो कंपनी को लाभ में लाने की कोशिशों की राह के बीच सबसे बड़ा झटका था। अहमदाबाद से लंदन गैटविक जा रहा बोइंग 787-8 विमान उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 260 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे के बाद नियामक की कड़ी जांच-पड़ताल शुरू हुई। डीजीसीए ने क्रू-रोस्टरिंग में बार-बार हुई गलतियों को लेकर एयर इंडिया को चेतावनी दी, तीन अधिकारियों को क्रू-शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग की जिम्मेदारियों से हटाने का आदेश दिया और उनके खिलाफ अनुशासन की कार्रवाई शुरू की।

एक महीने बाद, जुलाई 2025 में नियामक ने एक साल के दौरान हुए 29 उल्लंघनों को लेकर चार 'कारण बताओ नोटिस' जारी किए। इन उल्लंघनों में केबिन क्रू की कमी, ड्यूटी और आराम से जुड़े नियमों का उल्लंघन, ट्रेनिंग में कमियां और परिचालनगत प्रक्रियाओं का उल्लंघन शामिल था।हादसे के बाद, एयरलाइन को अपनी व्यवस्था ठीक करने के लिए एक बार फिर अपनी अंतरराष्ट्रीय सेवा कम करनी पड़ी। हालांकि, उसकी परिचालन संबंधित दिक्कतें बरकरार रहीं।

WHAT'S NEXT

# The AI and A-I challenge



KRISHNA KANT
Mumbai, 12 August

N Chandrasekaran's decision to resign as Tata Sons chairman comes as the Tata group confronts two very different challenges: Artificial intelligence (AI) and Air India (A-I).

At TCS, the group's biggest source of equity capital, Chandrasekaran earlier this year acknowledged that AI-led automation will slow hiring, with the company potentially having as many AI agents as employees within three years. The challenge is strategic as much as operational, as AI-native competitors threaten traditional IT service revenues. TCS' adjusted net profit rose only 8.3 per cent in FY26, while its market capitalisation fell 34.6 per cent, its weakest annual performance in at least 15 years. Its dividend payout also declined, potentially squeezing Tata Sons' ability to fund new and loss-making ventures.

The Air India challenge is even more capital-intensive. Since the Tata group took control in January 2022, the group has accumulated losses of about ₹47,821 crore. The ambitious "Vihaan.AI" transformation envisaged profitability after 2027; Chandrasekaran now says the turnaround could take 5-10 years, pushing profitability beyond 2032. Aircraft-supply disruptions, legacy systems, fleet renewal, organisational culture and talent shortages have slowed the overhaul, while operational lapses have added pressure.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS STANDARD DELHI 13 AUGUST 2026

# A-I losses weigh on Chandra's tenure

DEEPAK PATEL
New Delhi, 12 August

The Tata group's takeover of the embattled Air India group in January 2022 was billed as one of the country's most ambitious corporate turnarounds. Over four years later, it remains one of the biggest unfinished projects of Tata Sons Chairman N Chandrasekaran, who announced Wednesday that he would depart the group when his current term ends in February.

Since the Tatas took control, the airline has reported a loss of ₹47,821 crore, prompting Tata Trusts, which holds a majority in Tata Sons, to air concerns over the performance.

When Tata took over Air India in January 2022, it inherited an airline with ageing and grounded planes, outdated technology and years of organisational problems. The answer was an aggressive rebuild, including an order for hundreds of aircraft. In September 2022, eight months after the takeover, Air India unveiled "Vihaan.AI", a five-year transformation plan that sought to expand its global network and put the airline on a path to "sustained growth, profitability and market leadership".

However, four years later, the timeline has stretched considerably. Last month, Chandrasekaran said Air India's turnaround could take 5-10 years, admitting that the transformation had been held back by supply-chain disruptions, legacy systems and processes, fleet renewal, organisational culture and the need to build technical talent.

There have been other problems too, especially the global aircraft supply-chain crisis. Shortages of engines and components and delays at Boeing and Airbus meant that new planes did not arrive as planned. It also affected plans to retrofit Air India's old planes. Besides, there have been recurring challenges on the operational side. It has repeatedly been censured by the Directorate General of Civil Aviation (DGCA). In May 2024, DGCA said Air India was "time and again failing in taking due care of passengers".

**Hitting an air pocket**



**Air India group's profit/loss (₹ crore)**

| | Air India | Air India Express | Combined profit/loss |
|---|---|---|---|
| FY23 | -11,388 | 117 | -11,271 |
| FY24 | -4,444 | -163 | -4,607 |
| FY25 | -3,976 | -5,832 | -9,808 |
| FY26 | -15,368 | -6,767 | -22,135 |
| Total | -35,176 | -12,645 | -47,821 |

Note: (-) indicates loss; Air India Express is a subsidiary of Air India
Source: Tata Sons annual reports

**The merger**

Around that time, the Tata group was pushing ahead with the consolidation of its airline portfolio. Vistara was merged into Air India in November 2024, while AIX Connect (formerly AirAsia India) was merged into Air India Express a little later. Air India group now consists of full-service carrier Air India and its subsidiary, the low-cost carrier Air India Express.

The merger of Air India-Vistara brought together different fleets, operating systems, employee structures and organisational cultures. In November 2024, Chandrasekaran said that such mergers "take time to play out", adding that different parts of the business were at different points of maturity and would take time to fully align.

**Global headwinds**

Just as the group was attempting to stabilise the enlarged airline, geopolitical disruptions hit its international operations. When Pakistan closed its airspace to Indian carriers after the Pahalgam terror attack in April 2025, Air India's westbound flights were forced to take longer routes, with some ultra-long-haul services requiring technical stops for refuelling or crew changes. That increased operating costs.

Then came the crash of AI-171 on June 12, 2025, the biggest setback of the Tata-era turnaround. The Boeing 787-8 flying from Ahmedabad to London Gatwick crashed shortly after take-off, killing 260 people. The crash brought intense scrutiny and the DGCA warned Air India over repeated crew-rostering lapses, ordered three officials to be removed from crew-scheduling and rostering roles and initiated disciplinary action.

A month later, in July 2025, the regulator issued four show-cause notices covering 29 violations over a one-year period, involving inadequate cabin crew, duty and rest violations, training lapses and operational-procedure violations.

After the crash, the airline was again forced to curtail its international operations to get its act together. However, its problems continued. In November 2025, an Air India Airbus A320 operated eight commercial flights after being released for service with an expired Airworthiness Review Certificate. DGCA grounded the aircraft, de-rostered the personnel involved and later imposed a ₹1-crore penalty.

There was no respite at the beginning of this year, either. After Israel and the United States attacked Iran on February 28, a sizeable part of the Gulf went into turmoil, forcing Air India to curtail its international operations once again. Its costs ballooned as fuel prices jumped and the rupee weakened.

Meanwhile, its leadership remains in flux. In April, Air India confirmed that CEO Campbell Wilson had informed Chandrasekaran back in 2024 of his plan to step down in 2026 — a year before his term was to end. Earlier this month, Air India announced that Tewolde Gebremariam, the former chief executive of Ethiopian Airlines Group, will take over as CEO and MD.

Just days before, another controversy hit. On August 4, an Air India Phuket-Delhi flight suddenly plunged 300 feet, injuring passengers and crew. Both pilots underwent psychoactive-substance screening, and the pilot-in-command subsequently tested positive for marijuana in a confirmatory laboratory test.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK BHASKAR DELHI 13 AUGUST 2026

### एअर इंडिया फ्लाइट टर्बुलेंस मामले में खुलासा

# फुकेट से उड़ान भरने से पहले क्रू ने की थी शिकायत- पायलट ने गांजा पीया

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

फुकेट (थाईलैंड) से 4 अगस्त को दिल्ली आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-2379 के टर्बुलेंस मामले में नई जानकारी सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक, उड़ान से पहले ही केबिन क्रू के एक सदस्य ने पायलट के खिलाफ गांजा पीने की लिखित शिकायत की थी। हालांकि, पायलट ने किसी भी नशीले पदार्थ के सेवन से इनकार किया है।

एअर इंडिया से भी इस मामले पर पक्ष लेने की कोशिश की जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक घटनाक्रम की शुरुआत दिल्ली से फुकेट जाते समय हुई थी। सीट प्रोटोकॉल को लेकर पायलट ने एक केबिन क्रू सदस्य को फटकार लगाई थी। फुकेट में लेओवर के दौरान मनमुटाव खत्म करने के लिए पायलट क्रू को पार्टी में ले गया।

## दावा- लैंडिंग के बाद भी ठीक से खड़े नहीं हो पा रहे थे पायलट

सूत्रों के मुताबिक, उड़ान के दौरान विमान अचानक 300 फीट नीचे गिरा। उस समय मुख्य पायलट कॉकपिट के फर्श पर पड़े थे। बाद में पायलट केबिन में पहुंचे, घायलों का हालचाल पूछा और यात्रियों से घटना की रिकॉर्डिंग नहीं करने की अपील की। लैंडिंग के बाद भी पायलट ठीक से खड़े नहीं हो पा रहे थे। यूरीन सैंपल देने के दौरान जांच अधिकारी को उन्हें सहारा देकर बिठाना पड़ा। फिलहाल डीजीसीए और एएआईबी मामले की जांच कर रहे हैं। पायलट को डी-रोस्टर कर दिया गया है।

वापसी की उड़ान में शिकायत करने वाले घबराए क्रू सदस्य ने कॉकपिट से दूर पीछे ड्यूटी ली थी।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK BHASKAR DELHI 13 AUGUST 2026

**स्पाइस जेट** • दिल्ली से पुणे की फ्लाइट में गड़बड़ी

# विमान का एसी खराब, यात्रियों की तबीयत बिगड़ी, 2 घंटे हंगामा

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली से पुणे जा रहे स्पाइस जेट के विमान का एसी खराब होने से एयरपोर्ट पर हंगामा मच गया। विमान में सवार लगभग 100 से ज्यादा में से कई यात्रियों की तबीयत खराब हो गई। उन्हें सांस लेने में परेशानी हुई।

एसी बंद होने के बावजूद विमान रन-वे पर उड़ान भरने की तैयारी में था। इस पर यात्रियों का गुस्सा फूट गया। उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। उनका कहना था कि वे इस विमान में सफर नहीं करेंगे। मामला तूल पकड़ने पर सभी यात्रियों को उतार कर एयरपोर्ट लाया गया। रात लगभग साढ़े 9 बजे से साढ़े 11 बजे तक यात्रियों ने हंगामा किया। इसके बाद दूसरी फ्लाइट से उन्हें पुणे रवाना किया गया। स्पाइस जेट ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि उड़ान भरने से कुछ समय पहले तकनीकी कारणों के चलते एसी में खराबी आई थी।





तबीयत बिगड़ने की शिकायत के बाद यात्रियों को विमान से उतरने दिया गया।

## इंडिगो... कोलकाता-चेन्नई फ्लाइट के इंजन में खराबी, इमरजेंसी लैंडिंग

**चेन्नई।** कोलकाता से चेन्नई जा रहे इंडिगो के विमान का एक इंजन उड़ान के दौरान खराब हो गया। चेन्नई में फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान में 224 यात्री सवार थे। चेन्नई में मंगलवार रात 11:40 बजे उतरे विमान के सभी यात्री सकुशल बताए गए हैं।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर सुरक्षा बढ़ी, सहयोग की अपील

**भास्कर न्यूज़|नई दिल्ली.** स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी गई है। एयरपोर्ट संचालक डायल ने यात्रियों के लिए एडवायजरी जारी कर कहा कि बढ़ी हुई सुरक्षा जांच के कारण सामान्य से अधिक समय लग सकता है। यात्रियों से समय से पहले एयरपोर्ट पहुंचने की अपील की गई है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK BHASKAR JAIPUR 12 AUGUST 2026

# जयपुर-दुबई फ्लाइट रोज बिगाड़ रही सफर: बार-बार री-शेड्यूल, फिर रद्द, यात्री बोले- विकल्प दो

**जयपुर |** जयपुर-दुबई रूट पर हाल में शुरू हुई स्पाइसजेट की फ्लाइट एसजी-5157 लगातार देरी और कैंसिलेशन के कारण यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। निर्धारित शेड्यूल शाम 5:55 बजे होने के बावजूद फ्लाइट लगातार देरी से संचालित हो रही है। सोमवार शाम एयरलाइन ने फ्लाइट को पहले रात 8 बजे, फिर 10 बजे के लिए री-शेड्यूल किया। बार-बार समय बदलने से नाराज यात्रियों ने एयरपोर्ट पर हंगामा किया। आखिरकार फ्लाइट करीब रात 10:45 बजे दुबई रवाना हुई। मंगलवार एयरलाइन ने एसजी-5157 को पहले रात 8:15 बजे के लिए री-शेड्यूल किया, लेकिन बाद में फ्लाइट रद्द कर दी। कैंसिलेशन के बाद यात्रियों ने नाराजगी जताई और वैकल्पिक उड़ान से दुबई भेजने की मांग की। लगातार देरी और कैंसिलेशन से यात्रियों की कनेक्टिंग फ्लाइट, होटल और अन्य यात्रा योजनाएं प्रभावित हो रही हैं।

### 3 दिन अपने विमान से, फिर विदेशी एयरक्राफ्ट

जयपुर-दुबई-जयपुर फ्लाइट शुरू होने के शुरुआती तीन दिन स्पाइसजेट ने अपने विमान से संचालन किया। इसके बाद इस रूट पर एयरक्राफ्ट बदल दिया। अब कंबोडिया की स्काई अंगकोर एयरलाइंस के एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल किया जा रहा है। टिकट और फ्लाइट नंबर स्पाइसजेट के ही हैं, लेकिन विमान और परिचालन क्षमता अनुबंधित एयरलाइन से ली जा रही है। एविएशन एक्सपर्ट के अनुसार इस मॉडल को एविएशन में वेट-लीज कहा जाता है।

**वेट-लीज क्या है:** वेट-लीज में एक एयरलाइन दूसरी एयरलाइन से विमान, क्रू, मेंटेनेंस और इंश्योरेंस सहित ऑपरेशनल व्यवस्था अनुबंध पर लेती है। यात्री टिकट मूल एयरलाइन से ही खरीदता है और फ्लाइट नंबर भी वही रहता है, लेकिन वास्तविक विमान दूसरी एयरलाइन का होता है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DECCAN CHRONICLE HYDERABAD 12 AUGUST 2026



# Air India SATS, Concor arm sign logistics deal

Air India SATS Airport Services Private said it has entered into an initial pact with Concor Air , a wholly owned subsidiary of Container Corporation of India, to expedite cargo movement from the Inland Container Depot in Dadri to the Noida International Airport. The collaboration would facilitate seamless handling of customs-cleared transhipment cargo for onward international dispatch, AISATS said.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DECCAN HERALD BANGALORE 12 AUGUST 2026

# Air India Phuket-Delhi flight's captain fails drug test

**'Tests positive for marijuana', a psychoactive substance**

NEW DELHI, PTI

The pilot-in-command of Air India's Phuket-Delhi flight that suddenly lost 300 feet in altitude last week has tested positive for a psychoactive substance in the confirmatory test, sources said on Tuesday.



Civil Aviation Minister K Rammohan Naidu and senior officials met with the Air India CEO and other executives to discuss the incident.

While there was no official statement from the airline or the authorities, the sources said the pilot tested positive for marijuana, a psychoactive substance.

On August 4, Air India's Airbus A320 aircraft, operating the flight AI 2379 from Phuket to Delhi, experienced a sudden altitude variation of approximately 300 feet during cruise. The aircraft, which had 145 people onboard, subsequently stabilised and landed safely in the national capital.

In a statement on Tuesday, the Aircraft Accident Investigation Bureau (AAIB), which is being assisted by French agency BEA and Airbus in the probe, said 20 passengers and four cabin crew members were injured in the incident.

AAIB said it is presently engaged in the systematic collection, preservation and examination of all relevant technical, operational, medical and human-factor evidence.

Meanwhile, Air India CEO Campbell Wilson, along with other senior executives, met Naidu and other officials. After the meeting, Naidu said safety in aviation is the top-most priority and there should not be any compromise from any side.

"We are continuously studying it (the issue) and DGCA also, we have asked updates on that... we are taking it very very seriously. If we feel that present regulations are not up to the mark... then, we will respond very seriously... improve whatever needs to be done," he told reporters.

Sources said the pilot has tested positive for psychoactive substance in the confirmatory screening test. After the incident, both pilots of the flight underwent the prescribed psychoactive substance screening test.

Under the norms of DGCA, if a pilot or an aviation personnel is tested positive for drugs, the person is referred for a rehabilitation programme. In case the same person is tested positive in the test, then the person's licence is suspended for three years.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN DELHI 13 AUGUST 2026

# एअर इंडिया ने छिपाई हादसे की भयावहता

गौतम कुमार मिश्रा, जागरण



- एयरलाइंस कंपनी बार-बार बदलती रही अपनी रिपोर्ट
- पहली रिपोर्ट में टर्बुलेंस का उल्लेख, बाद में जिक्र नहीं
- हाइड्रोलिक में लो प्रेशर की बात छिपाने का प्रयास

फुकेट से दिल्ली आ रहे एअर इंडिया के इसी विमान में कई यात्री घायल हुए थे • फाइल

नई दिल्ली : चार अगस्त को फुकेट से दिल्ली आ रही उड़ान (एआइ-2379) में हुए हादसे की एक के बाद एक परतें खुल रही हैं। अब चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि एअर इंडिया ने बार-बार रिपोर्ट बदलकर हादसे की भयावहता को छिपाने का भी प्रयास किया। बदलती रिपोर्टों में विमान में हादसे के दौरान आईं तकनीकी खामियों का जिक्र तक नहीं किया गया। इससे विमानन सुरक्षा के साथ एअर इंडिया और डीजीसीए की निगरानी प्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक, जांच में सामने आया है कि जब हवा में अचानक विमान का आटो-पायलट सिस्टम बंद हुआ और विमान 300 फीट नीचे आ गया, तब मुख्य पायलट (पायलट-इन-कमांड) काकपिट के फर्श पर पड़े थे। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि वे झटके के कारण गिरे थे या किसी अन्य वजह से। कहा जा रहा है कि इस स्थिति में सह पायलट ने कमान संभाली और विमान को आइजीआइ एयरपोर्ट के रनवे पर सुरक्षित लैंड कराया। घटना के समय विमान में 137 यात्री और आठ क्रू सदस्य थे। इनमें 20 यात्री व चार केबिन क्रू घायल हुए थे, जिनमें एक को स्पाइन की सर्जरी कराने की सलाह देकर डाक्टर इजाज कर रहे थे, जबकि एक अन्य को भी भर्ती कर उपचार किया जा रहा था। प्रकरण में एअर इंडिया से पक्ष लेने का प्रयास किया गया, लेकिन प्रतिक्रिया नहीं मिली।

पूरे घटनाक्रम में एअर इंडिया की भूमिका पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। घटना वाले दिन दोपहर में जारी पहले बयान में एअर इंडिया ने घटना का कारण केवल हवाई टर्बुलेंस बताया था और दावा किया था कि कुछ ही लोगों को मामूली चोटें आई हैं। इसके बाद शाम के समय एअर इंडिया ने अपने बयान को अपडेट किया और रिपोर्ट से टर्बुलेंस शब्द हटा दिया और इस नई रिपोर्ट में भी विमान में आई किसी भी गंभीर तकनीकी खामी का कोई जिक्र नहीं किया गया, जबकि सच्चाई यह है कि लैंडिंग के बाद सुबह 11:14 बजे काकपिट से प्रिंट हुई मेंटेनेंस रिपोर्ट से विमान में हाइड्रोलिक से जुड़ी कई तकनीकी खराबियों का पर्दाफाश हुआ था। रिपोर्ट के मुताबिक, सुबह 9:32 बजे तीनों हाइड्रोलिक सिस्टम में एक साथ 'लो प्रेशर' (कम दबाव) की चेतावनी आई। आटो-पायलट मोड अपने आप बंद हो गया था।

आई कई चेतावनी, एअर इंडिया ने इसे बयान में दबाया >> पेज 3
संबंधित >> पेज 3

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN DELHI 13 AUGUST 2026

# दिल्ली–पुणे स्पाइसजेट की उड़ान में एसी ठप होने पर यात्रियों का हंगामा

**यात्रियों का आरोप, भीषण गर्मी और घुटन से बुजुर्गों व बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी, स्पाइसजेट ने एसी बंद होने से किया इनकार**

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आइजीआइ) एयरपोर्ट पर स्पाइसजेट की दिल्ली-पुणे उड़ान (एसजी 105) में एयर कंडीशनिंग (एसी) सिस्टम ठप होने के आरोपों के बाद यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। यात्रियों का आरोप है कि प्लेन में बोर्डिंग पूरी होते ही एसी बंद होने से अंदर का तापमान तेजी से बढ़ा और भीषण गर्मी व घुटन के कारण लोगों की स्थिति बिगड़ने लगी। हालांकि बाद में विमान को बे लाया गया और यात्रियों के लिए स्पाइसजेट ने वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था की।

यात्रियों के अनुसार, विमान में सवार कई बुजुर्गों और छोटे बच्चों को वेंटिलेशन न मिलने से सांस लेने में भारी तकलीफ का सामना करना पड़ा। पसीने से तर-बतर परेशान यात्री सीटों पर रखी मैगजीन और कागजों से हवा करते दिखे, जिसके वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गए। जब विमान को टेकआफ के लिए रनवे की ओर ले जाया जा रहा था, तो यात्रियों ने विरोध करते हुए टेकआफ रुकवा दिया। यात्रियों का आरोप है कि शुरुआत में कैप्टन और क्रू मेंबर्स ने उन्हें चुप कराने के लिए पुलिस बुलाने की धमकी दी। हालांकि, बाद में यात्रियों के विरोध जताने के बाद विमान को वापस बे में लाया गया।

घटना पर स्पाइसजेट के प्रवक्ता का कहना है कि 11 अगस्त को दिल्ली से पुणे के लिए संचालित होने वाली स्पाइसजेट की उड़ान एसजी 105 में अंतिम समय पर एक तकनीकी खराबी आ गई थी। इसके तुरंत बाद यात्रियों के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई, जिससे विमान को पुणे के लिए रवाना किया गया। एयरलाइन ने एसी बंद होने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पूरी प्रक्रिया के दौरान एयर कंडीशनिंग चालू था। दिल्ली के मौजूदा मौसम और भीषण गर्मी के कारण कुछ यात्रियों को असुविधा हो सकती है। स्पाइसजेट ने यात्रियों को हुई परेशानी के लिए खेद जताया है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

**Corporate Communications Directorate**

DAINIK JAGRAN DELHI 13 AUGUST 2026

# विमानन सुरक्षा में लूपहोल, डोप टेस्ट प्रक्रिया में कमियों पर सवाल

गौतम कुमार मिश्रा • जागरण

**नई दिल्ली:** फुकेट से आ रही एअर इंडिया की उड़ान (एआइ-2379) के काकपिट में लापरवाही और मुख्य पायलट के नशे की स्थिति में मिलने के मामले ने देश में नागरिक उड्डयन सुरक्षा को लेकर गंभीर बहस छेड़ दी है। आसमान में हजारों फीट की ऊंचाई पर पायलट की एक सेकंड की चूक सैकड़ों यात्रियों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। इस घटना ने एक तरफ जहां लापरवाह क्रू मेंबर्स पर कसते शिकंजे को उजागर किया है, वहीं दूसरी तरफ नागर विमानन महानिदेशालय के डोप टेस्ट नियमों में मौजूद उन तकनीकी कमियों की भी पोल खोल दी है, जिनका फायदा उठाकर संदिग्ध क्रू मेंबर्स बच निकलते हैं।

**वर्ष 2022 में कड़े हुए नियम, लेकिन चुनौती बरकरार** : वर्ष 2022 से पहले भारत में केवल प्रीफ्लाइट ब्रीथ एनालाइजर (बीए) टेस्ट ही प्राथमिक सुरक्षा ढाल हुआ करता था, जो सिर्फ शराब के सेवन की जांच करता था। हालांकि, 2013 से 2021 के बीच लापरवाही के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखी गई थी, जहां अकेले 2015 में 43 पायलट उड़ान से ठीक पहले अल्कोहल टेस्ट में पाजिटिव पाए गए थे। इस स्थिति से निपटने और अन्य नशीले पदार्थों (साइकोट्रापिक सब्सटेंस) के बढ़ते इस्तेमाल को रोकने के लिए वर्ष 2022 में सख्त कानून और रैंडम डोप टेस्ट की शुरुआत की गई। इन कड़े नियमों का असर यह हुआ कि अकेले 2024 में ही करीब 30 पायलट और 80 केबिन क्रू सदस्य जांच में फेल पाए जा चुके हैं। वर्तमान नियमों के तहत पहली बार टेस्ट फेल होने पर फ्लाइंग लाइसेंस को तीन महीने के लिए निलंबित किया जाता है, दूसरी बार में तीन साल का निलंबन होता है और तीसरी बार पाजिटिव पाए जाने पर लाइसेंस हमेशा के लिए रद्द कर दिया जाता है।

**थाइलैंड जैसे गंतव्यों से आने वाली उड़ानों के साथ नई चुनौतियां** : इस घटना ने फुकेट जैसे गंतव्यों से आने वाली उड़ानों के लिए विमानन कंपनियों के सामने नई सुरक्षा चुनौतियों को खड़ा कर दिया है। थाइलैंड ने जून 2022 में गांजे को अपराध मुक्त (डीक्रिमिनलाइज) कर दिया था, जिसके बाद वहां जगह-जगह गांजा व इससे बने उत्पादों की बिक्री होने लगी। हालांकि बाद में अनियंत्रित इस्तेमाल के कारण सरकार ने केवल चिकित्सकीय उपयोग के नियम बनाए, लेकिन फुकेट और बैंकाक जैसे पर्यटन स्थलों पर यह आसानी से उपलब्ध है। एयरलाइंस के लिए सबसे बड़ी चुनौती लेओवर के दौरान क्रू मेंबर्स के ऐसे पदार्थों के संपर्क में आने का जोखिम है। प्रीफ्लाइट बीए टेस्ट सिर्फ शराब पकड़ पाता है, जबकि गांजा या अन्य मादक पदार्थों को पकड़ने के लिए डोप टेस्ट की जरूरत होती है।

## डोप टेस्ट के इन चार बड़े लूपहोल्स का उठाया जा रहा है फायदा

### अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के विदेशी स्टेशनों पर नहीं होता टेस्ट

नियमों के अनुसार, भारत से बाहर जाने वाले पायलटों का प्रीफ्लाइट ब्रीथ एनलाइजर (बीए) टेस्ट भारत में हो जाता है, लेकिन विदेश से लौटते समय (जैसे फुकेट या अन्य अंतरराष्ट्रीय स्टेशन) स्थानीय स्तर पर भारतीय एयरलाइंस का डोप/ड्रग टेस्ट सेटअप नहीं होता। ऐसे में अगर कोई पायलट ओवरसीज ले-ओवर के दौरान किसी नशीले पदार्थ का सेवन करता है, तो टेक-आफ से पहले उसकी कोई जांच नहीं होती और भारत लैंड होने तक इसका पता लगाना लगभग नामुमकिन रहता है। इसी का फायदा उठाकर नशा करने वाले बच निकलते हैं।

### 10 प्रतिशत रैंडम सैंपलिंग का सीमित दायरा

सिविल एविएशन रिक्वायरमेंट्स (सीएआर) के तहत एयरलाइंस को हर साल केवल 10 प्रतिशत पायलटों और एटीसी आफिसर्स का ही रैंडम डोप टेस्ट करना होता है (जबकि बीए टेस्ट 100 प्रतिशत अनिवार्य है)। इस नियम का लूपहोल यह है कि 90 प्रतिशत पायलट पूरे साल बिना किसी डोप टेस्ट के उड़ान भरते हैं। इस बड़े अंतर के कारण नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले क्रू मेंबर्स के पकड़े जाने की संभावना बेहद कम रहती है।

### यूरिन सैंपल और डिटेक्शन विंडो

डोप टेस्ट मुख्य रूप से यूरिन सैंपल के जरिये होता है। विभिन्न ड्रग्स शरीर में अलग-अलग समय तक रहते हैं (जैसे कोकेन या एम्फैटेमिन 24-48 घंटे, जबकि गांजा कुछ दिनों तक)। अगर टेस्ट उड़ान के तुरंत बाद नहीं होता या उसमें देरी होती है, तो कई बार सैंपल नेगेटिव आ सकता है। इसके अलावा, तुरंत असर दिखाने वाले सिंथेटिक ड्रग्स या कम मात्रा में सेवन करने पर यूरिन स्क्रीन से बचना आसान हो जाता है।

### रैंडम टेस्ट की समय-सीमा और सूचना लीक की आशंका

डोप टेस्ट रैंडम शेड्यूल के आधार पर किया जाता है। कई मामलों में रोस्टर और टेस्टिंग शेड्यूल एयरलाइन के मेडिकल डिपार्टमेंट के पास पहले से होता है। यदि रैंडम डोप टेस्ट की सूचना लीक होती है या पायलट को अंदाजा लग जाता है, तो वह बीमार होने का बहाना बनाकर या फ्लाइट रोस्टर बदलवाकर टेस्ट से बच सकता है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

**Corporate Communications Directorate**

DAINIK JAGRAN DELHI 13 AUGUST 2026

# विमान में एक साथ आई कई चेतावनी, एअर इंडिया ने इसे बयान में दबाया

गौतम कुमार मिश्रा • जागरण

**नई दिल्ली :** चार अगस्त को फुकेट से दिल्ली आ रहे एअर इंडिया के विमान की जो रिपोर्ट आई है, उसमें कहा गया है कि तीनों हाइड्रोलिक सिस्टम में एक साथ 'लो प्रेशर' (कम दबाव) की चेतावनी आई और दाएं व बाएं 'एलिवेटर कंट्रोल' में खराबी दर्ज की गई। सुबह 9:33 व 9:35 बजे इमरजेंसी दरवाजों की वार्निंग ट्रिगर हुई। सुबह 10:16 बजे इंजन-1 के एंटी-आइस सिस्टम में वाल्व प्रेशर की समस्या आई और 10:52 बजे आटो-पायलट फिर बंद हो गया। विशेषज्ञों के अनुसार, एक साथ कई चेतावनी बेहद गंभीर है, जिसे एयरलाइन ने अपने बयानों में पूरी तरह दबाए रखा। विमान जब संकट से उबरा, तब मुख्य पायलट ने केबिन में जाकर घायलों का हालचाल पूछा और यात्रियों से रिकार्डिंग न करने की अपील की। फिलहाल डीजीसीए और एएआइबी मामले की जांच कर रहे हैं और आरोपित पायलट को रोस्टर से हटा दिया गया है।

**लापरवाही ने डाली खतरे में यात्रियों की जान:** हाइड्रोलिक सिस्टम की खराबी की बात सामने आने से एअर इंडिया की थ्योरी बदल गई है। अब तक जो थ्योरी टर्बुलेंस के आसपास घूम रही थी, अब वह काकपिट की लापरवाही पर घूम गई है। क्रू सदस्यों के अनुसार, उड़ान के दौरान पायलट-इन-कमांड का व्यवहार बेहद गैरजिम्मेदाराना था। वह मानसिक रूप से विमान संभालने की स्थिति में नहीं थे।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

RS DAINIK JAGRAN DELHI 13 AUGUST 2026

# एअर इंडिया ने टर्बुलेंस मामले की रिपोर्ट दबाकर छिपाई हादसे की भयावहता

गौतम कुमार मिश्रा • जागरण

- काकपिट के फर्श पर मिले पायलट, को-पायलट ने संभाली कमान
- विमान की तीनों हाइड्रोलिक में लो प्रेशर की बात को छिपाने का किया प्रयास

**नई दिल्ली** : फुकेट से दिल्ली आ रही उड़ान (एआइ-2379) में हादसे के बाद एअर इंडिया ने रिपोर्ट दबाकर हादसे की भयावहता को भी छिपाने का प्रयास किया। एअर इंडिया की तरफ से हादसे को लेकर बार-बार बयान बदले जा रहे हैं। इससे विमानन सुरक्षा, एअर इंडिया और डीजीसीए की निगरानी प्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इस पूरे प्रकरण में एअर इंडिया से उनका पक्ष लेने का प्रयास किया गया, लेकिन प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी।

सूत्रों के मुताबिक, अभी तक की जांच में सामने आया है कि चार अगस्त को हुए हादसे के दौरान जब हवा में आटो-पायलट बंद हुआ और विमान 300 फीट नीचे गिरा, तब मुख्य पायलट (पायलट-इन-कमांड) काकपिट के फर्श पर पड़े थे। हालांकि, यह पस्पष्ट नहीं है कि वह झटके के कारण गिरे थे या किसी अन्य कारण से। कहा जा रहा है कि इस स्थिति के बीच को-पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए कमान संभाली और विमान को आइजीआइ एयरपोर्ट के



चार अगस्त को फुकेट से दिल्ली आ रहे एअर इंडिया विमान में टर्बुलेंस के कारण कई लोग घायल हो गए थे। फाइल

रनवे पर सुरक्षित लैंड कराया।

**एयरलाइन ने गंभीर तकनीकी खामी का नहीं किया जिक्र** : इस पूरे घटनाक्रम के बीच एअर इंडिया की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि एयरलाइन ने

### पायलटों की लापरवाही ने डाली खतरे में यात्रियों की जान

हाइड्रोलिक सिस्टम की खराबी की बात सामने आने से एअर इडिया की थ्योरी पूरी तरह बदल गई है। अब तक जो थ्योरी टर्बुलेंस के आसपास घूम रही थी, अब वह काकपिट की लापरवाही पर घूम गई है। क्रू सदस्यों के अनुसार, उड़ान के दौरान पायलट-इन-कमांड का व्यवहार बेहद गैर-जिम्मेदाराना था और वह मानसिक रूप से विमान संभालने की स्थिति में नहीं थे। पायलट के नशे में होने बात भी सामने आ चुकी है। सूत्रों के मुताबिक, केबिन क्रू के एक सदस्य ने पायलट के खिलाफ उड़ान से पहले गांजा पीने की लिखित शिकायत भी दर्ज कराई थी। हालांकि, पायलट ने नशीले पदार्थ के सेवन से इन्कार किया था।

बार-बार बयान बदलकर हादसे की सच्चाई को छिपाने का प्रयास किया। घटना वाले दिन दोपहर में पहले बयान में एअर इंडिया ने घटना का कारण केवल हवाई टर्बुलेंस बताया था और दावा किया था कि कुछ ही लोगों को मामूली चोटें आई हैं। इसके बाद शाम के समय एअर इंडिया ने अपने बयान को अपडेट किया और टर्बुलेंस शब्द हटा दिया। जबकि, सच्चाई यह है कि लैंडिंग के बाद सुबह 11:14 बजे काकपिट से प्रिंट हुई मेंटेनेंस रिपोर्ट से विमान में हाइड्रोलिक से जुड़ी कई तकनीकी खराबियों का पर्दाफाश हुआ।

**अपने आप बंद हो गया आटो पायलट, एलिवेटर कंट्रोल में दर्ज की गई खराबी** : रिपोर्ट के मुताबिक, सुबह 9:32 बजे तीनों हाइड्रोलिक सिस्टम में एक साथ 'लो प्रेशर' (कम दबाव) की चेतावनी आई। इसी बीच आटो-पायलट अपने आप बंद हो गया और दाएं व बाएं 'एलिवेटर कंट्रोल' में खराबी दर्ज की गई। इसके बाद सुबह 9:33 और 9:35 बजे इमरजेंसी दरवाजों की वार्निंग ट्रिगर हुई। सुबह 10:16 बजे इंजन-1 के एंटी-आइस सिस्टम में वाल्व प्रेशर की समस्या आई और 10:52 बजे आटो-पायलट फिर बंद हो गया। विशेषज्ञों के अनुसार, एक साथ इतनी चेतावनी गंभीर जांच का विषय है, जिसे एयरलाइन ने बयानों में पूरी तरह दबाए रखा।

## दिल्ली-पुणे स्पाइसजेट की उड़ान में एसी ठप होने पर यात्रियों का हंगामा

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली

आइजीआइ एयरपोर्ट पर स्पाइसजेट की दिल्ली-पुणे उड़ान (एसजी 105) में एसी सिस्टम ठप होने के आरोपों के बाद यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। यात्रियों का आरोप है कि प्लेन में बोर्डिंग पूरी होते ही एसी बंद होने से अंदर का तापमान बढ़ा और भीषण गर्मी व घुटन के कारण लोगों की स्थिति बिगड़ने लगी। हालांकि, बाद में विमान को 'बे' (विमान खड़े होने की जगह) में लाया गया और वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था की।

यात्रियों के अनुसार, विमान में सवार कई बुजुर्गों और छोटे बच्चों को वेंटिलेशन न मिलने से सांस लेने में भारी तकलीफ का सामना करना पड़ा। पसीने से तरबतर परेशान यात्री सीटों पर रखी मैगजीन और कागजों से हवा करते दिखे, जिसके वीडियो इंटरनेट मीडिया




प्रतीकात्मक

पर प्रसारित हो गए। जब विमान को टेकआफ के लिए रनवे की ओर ले जाया जा रहा था, तो यात्रियों ने विरोध करते हुए टेकआफ रुकवा दिया।आरोप है कि शुरुआत में कैप्टन और क्रू मेंबर्स ने उन्हें चुप कराने के लिए पुलिस बुलाने की धमकी दी। हालांकि, बाद में विरोध जताने के बाद विमान को वापस बे में लाया गया। स्पाइसजेट प्रवक्ता का कहना है कि 11 अगस्त को उड़ान एसजी 105 में अंतिम समय पर एक तकनीकी खराबी आ गई थी। इसके बाद वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई।

THE ECONOMIC TIMES DELHI 13 AUGUST 2026

# Phuket-Delhi Flight: AI Captain says he was on Sleep Medication

**Arindam Majumder**

**New Delhi:** The captain of the Air India A320 aircraft operating from Phuket to Delhi that rapidly lost around 300 feet of altitude last week, injuring 17 passengers, was on medication for sleep difficulty, according to his submission to civil aviation regulator Directorate General of Civil Aviation (DGCA).

